# 3 (Sem–4/CBCS) HIN HG/RC 1

## 2022

## HINDI

Paper : HIN–HG/RC–4016

**( हिन्दी गद्य साहित्य )**

( Honours Generic/Regular Course )

*Full Marks* : 80

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दस** के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×10=10

(क) 'तमस' उपन्यास का प्रकाशन वर्ष क्या है?

(ख) 'लोभ और प्रीति' किस श्रेणी का निबंध है?

(ग) प्रेमचंद का वास्तविक नाम क्या है?

(घ) हामिद की दादी का नाम क्या है?

(ङ) 'तीसरी कसम' कहानी का मुख्य पात्र कौन है?

(च) 'परदा' कहानी के रचयिता कौन हैं?

(छ) परदा किसका प्रतीक है?

(ज) गजाधर बाबू के नौकर का नाम क्या है?

(झ) 'लोभ और प्रीति' निबंध किस निबंध-संग्रह में संकलित है?

(ञ) 'तमस' उपन्यास किस विषय पर केन्द्रित है?

(ट) 'कुटज' किस श्रेणी का निबंध है?

(ठ) हजारी प्रसाद द्विवेदी के किसी एक निबंध-संग्रह का नाम लिखिए।

(ड) विद्यानिवास मिश्र का पहला ललित निबंध-संग्रह क्या है?

(ढ) विद्यानिवास मिश्र को पद्मश्री पुरस्कार कब मिला था?

(ण) कहानी के कितने तत्त्व होते हैं?

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) भीष्म साहनी को कौन-से उपन्यास के लिए और कब साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला था?

(ख) "पिगरीवालों से करना होता तो तुमसे क्यों कहते!" किसने, किससे ऐसा कहा था?

(ग) 'लोभी' शब्द से साधारणतः क्या समझा जाता है?

(घ) लोभ और प्रीति में कौन-सा प्रमुख अंतर है?

(ङ) 'तमस' उपन्यास के आधार पर भीष्म साहनी की भाषा-शैली की किन्हीं **दो** विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(च) चौधरी पीरबख्श के दादाजी का परिचय दीजिए।

(छ) हामिद के किन्हीं दो दोस्तों के नाम बताइए।

(ज) हीराबाई की कोई दो चारित्रिक विशेषताएँ लिखिए।





**3.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) "डार्लिंग, हुकूमत करने वाले यह नहीं देखते प्रजा में कौन-सी समानता पाई जाती है, उनकी दिलचस्पी तो यह देखने में होती है कि वे किन-किन बातों में एक-दूसरे से अलग हैं?" संदर्भ एवं आशय स्पष्ट कीजिए।

(ख) 'तमस' उपन्यास के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए।

(ग) निबंध साहित्य में आचार्य रामचंद्र शुक्ल के योगदान पर प्रकाश डालिए।

(घ) फणीश्वरनाथ रेणु की कहानियों की विशेषताओं को रेखांकित कीजिए।

(ङ) ईद की तैयारी का वर्णन कहानीकार ने किस प्रकार किया है?

(च) 'परदा' कहानी के संदेश पर विचार कीजिए।

(छ) 'कुटज' निबंध के महत्त्व पर प्रकाश डालिए।

(ज) पंजाबी खान बबर अली खाँ का चरित्र-चित्रण कीजिए।

**4.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×4=40

(क) निम्नलिखित अवतरण की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

हमें आँकड़े चाहिए, केवल आँकड़े! आप समझते क्यों नहीं? आप लंबी हाँकने लगते हैं, सारी राम-कहानी सुनाने लगते हैं, मुझे राम-कहानी नहीं चाहिए, मुझे केवल आँकड़े चाहिए। कितने मरे, कितने घायल हुए, कितना माली नुकसान हुआ...

(ख) "भय से चीखकर ओट में हो जाने के लिए भागती हुई औरतों पर दया कर भीड़ छँट गयी। चौधरी बेसुध पड़े थे। जब उन्हें होश आया ड्योढ़ी का परदा आँगन में सामने पड़ा था, परंतु उसे उठाकर फिर से लटका देने का सामर्थ्य उनमें शेष न था। शायद अब इसकी आवश्यकता भी न रही थी। परदा जिस भावना का अवलंब था, वह मर चुकी थी।" प्रस्तुत अवतरण के संदर्भ एवं आशय स्पष्ट कीजिए।

(ग) 'तमस' उपन्यास की लोकप्रियता के कारणों पर प्रकाश डालिए।

(घ) कहानी-कला की दृष्टि से 'तीसरी कसम' कहानी की समीक्षा कीजिए।

(ङ) 'कुटज' निबंध का सार प्रस्तुत कीजिए।

(च) 'तमस' उपन्यास की मूल कथावस्तु पर प्रकाश डालिए।

(छ) कहानी-कला की दृष्टि से 'वापसी' कहानी की समीक्षा कीजिए।

(ज) 'ईदगाह' कहानी में बाल मनोविज्ञान का प्रतिफलन किस प्रकार हुआ है? सोदाहरण उत्तर दीजिए।

(झ) 'तमस' उपन्यास के नामकरण की सार्थकता पर विचार कीजिए।

(ञ) ललित निबंध की दृष्टि से 'बसंत आ गया पर कोई उत्कंठा नहीं' की समीक्षा कीजिए।

★★★